<><><><><><><><><><>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल नई दिल्ली में एकीकृत स्वास्थ्य समाधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।
2. प्रधानमंत्री ने पेरिस में भारत–फ्रांस सीईओ फोरम को संबोधित किया।
3. कृषि विभाग ने मधुमक्खी पालन पर दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया।
4. द्वीपसमूह में प्राथमिक वर्ग के छात्रों के लिए ''स्कूलों में शतरंज'' कार्यक्रम की शुरूआत हुई।

<><><><><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यूनानी दिवस के अवसर पर कल नई दिल्ली में एकीकृत स्वास्थ्य समाधान के लिए यूनानी चिकित्सा में नवाचार एक नई दिशा पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन हकीम अजमल खां को याद करने का अवसर है, जिन्होंने यूनानी चिकित्सा पद्धति का प्रसार किया। उन्होंने नवाचार के कई उदाहरण प्रस्तुत किए। राष्ट्रपति ने कहा कि आज भारत, शिक्षा, शोध, स्वास्थ्य सेवा और यूनानी पद्धति में औषधियों के निर्माण के मामले में विश्व में आग्रणी है।

<><><><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल फ्रान्स के पेरिस में ए आई एक्शन शिखर सम्मेलन में भाग लिया। भारत इस सम्मेलन की सह–अध्यक्षता कर रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में वैश्विक मानक स्थापित करना और विकास को बढ़ावा देना है। पेरिस में भारत–फ्रांस सीईओ फोरम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने स्थिर और पूर्वानुमानित नीति पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि भारत सुधार, प्रदर्शन और बदलाव के रास्ते पर चलते हुए दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और यह जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

बाद में प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत–फ्रांस सीईओ फोरम आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ करने और नवाचार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने दोनों देशों के व्यापारिक नेताओं के आपसी सहयोग और प्रमुख क्षेत्रों में नए अवसर उत्पन्न किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इससे विकास, निवेश बढ़ता है और आगामी पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित होता है।

<><><><><><><><><><>

कृषि विभाग ने राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन के सहयोग से रामकृष्णपुर, लिटिल अंडमान के पंचायत हॉल में "वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन कृषि उत्पादन में मधुमक्खियों की भूमिका एवं इसका अर्थशास्त्र" विषय पर दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री परमानाथन, प्रमुख, पंचायत समिति, लिटिल अंडमान द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर आशामंजा हलदर मुख्य अतिथि थी। अपने संबोधन में उन्होंने इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए कृषि विभाग के प्रति प्रसन्नता और आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिटिल अंडमान के किसानों से मधुमक्खी पालन की पद्धति अपनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि लिटिल अंडमान किस तरह शहद उत्पादन के केंद्र के रूप में उभर रहा है और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की जरूरतों को पूरा करने की इसकी क्षमता है। इस क्षेत्र की विविध वनस्पतियों और अनुकूल जलवायु के कारण लिटिल अंडमान में मधुमक्खी पालन की अपार संभावनाएं हैं। कृषि सहायक निदेशक डी. नागराजन ने भी मधुमक्खी पालन के महत्व पर जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन लिटिल अंडमान की कृषि अधिकारी मैरी मैग्डलीन के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में कुल पचास किसानों के साथ–साथ पीआरआई, एसएचजी, क्लस्टर समन्वयक, आदिवासी किसान शामिल हुए।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह में शतरंज के प्रति रूचि बढ़ाने के उद्देश्य से प्राथमिक बढ़ाने के उद्देश्य से प्राथमिक वर्ग के छात्रों के लिए ''स्कूलों में शतरंज'' कार्यक्रम की शुरूआत हुई। यह कार्यक्रम कल मॉडल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मॉडल स्कूल की प्रधानाचार्या संगीता चन्द मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थीं। उन्होंने शतरंज बोर्ड पर पहली चाल चल कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा जिस प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम आवश्यक है। उसी प्रकार शतरंज खेलना मस्तिष्क को सक्रिय सतर्क और तीव्र बनाए रखने में सहायक होता है।

इस अवसर पर शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह और सहायक निदेशक (खेल) मोहम्मद इरशाद अहमद ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अगला ''स्कूलों में शतरंज'' कार्यक्रम चौदह फरवरी को राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><><>

नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एण्ड कैटरिंग टेक्नॉलॉजी भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के अम्ब्रेला संगठन नोएडा ने आई एच एम चेन्नई में आतिथ्य और होटल प्रशासन कार्यक्रम में शैक्षणिक वर्ष – दो हज़ार पच्चीस–छब्बीस में प्रथम वर्ष बी एस सी में प्रवेश के लिए अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमह के उम्मीदवारों के लिए भी राष्ट्रीय होटल प्रबंधन, संयुक्त प्रवेश परीक्षा में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। द्वीपसमूह के विद्यार्थियों के लिए दस सीटें आरक्षित रखी गई हैं। ऑनलाइन पन्द्रह फरवरी शाम पांच बजे जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><><>

दूरदर्शन केन्द्र श्री विजयपुरम की ओर से आज ''राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्पर्श कुष्ठ उन्मूलन अभियान'' विषय पर लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'डॉक्टर्स स्पीक' का प्रसारण किया जाएगा। उप निदेशक –कुष्ठ रोग डॉ. बी. अजीत कुमार विशेषज्ञ के रूप में दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर देंगे। कार्यक्रम आज शाम साढ़े पांच बजे प्रसारित होगा। दर्शक फोन नंबर–दो चार चार सात चार पांच या दो चार पांच छः छः दो पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।

<><><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय में अनुबंध के आधार पर मास्टर होम ट्रेड के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। उम्मीदवार फीनिक्स–बे स्थित कार्यालय में अपने आवेदन जमा कर सकते है। आवेदन भरने की अंतिम तिथि आज है। अधिक जानकारी के लिए जहाजरानी सेवा निदेशालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><><>

गाराचरमा में जंग लगे बिजली के खंभों को बदलने का कार्य किया जाएगा। इसके कारण गाराचरमा और डॉलीगंज फीडर से आज और पन्द्रह तारीख को बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में गाराचरमा, डॉलीगंज और मिनी– बे के कुछ भाग शामिल हैं। कटौती सुबह सात बजे से दोपहर बारह बजे तक रहेगी।

<><><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

मायाबंदर और डिगलीपुर में पी एम विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को **द्वीप समाचार** ने पहले पन्ने के निचले भाग में प्रकाशित कियाहै। अखबार ने स्टंट करने वाले और शराब पीकर गाडी चलाने वाले बाइकर्स के खिलाफ यातायात

पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाने के समाचार को भी अखबार में जगह मिली है। राष्ट्रपति द्वारा एकीकृत स्वास्थ्य समाधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** प्रथम पृष्ठ में सचित्र प्रकाशित किया है। मॉडल स्कूल में शतरंज कार्यक्रम शुरू होने के समाचार को **इंफो इंडिया** ने पहले पन्ने पर जगह दी है। **इको ऑफ इंडिया** ने प्रधानमंत्री के फ्रान्स के राष्ट्रपति से मुलाकात करने के समाचार को भीतर के पन्ने में प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**